खाना पकाने की गैस के रिफिलों की समय पर आपूर्ति

390. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 13 दिसम्बर, 1990 के "दि टाइम्स आफ इंडिया" में "एल.पी.जी. डिलीवरी ओनली आफ्टर 21 डेज" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उपभोक्ताओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए सरकार ने इस आशय के कोई निर्देश जारी किये हैं, कि उपभोक्ताओं में आपूर्ति हेतु मांग प्राप्त होने की एक निश्चित अवधि के भीतर एल.पी.जी. रिफिलों की आपूर्ति की जाये ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) एल.पी.जी. विपणन तेल कम्पनियों ने एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरों को निर्देश जारी किए हैं कि वे मांग होने पर पहले आओ पहले पाओ आधार पर रिफिलों की शीघ्र आपूर्ति करें।

प्राकृतिक गैस का ईंधन के रूप में उपयोग

391. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्पादन में लगी हुई विभिन्न परियोजनाओं में प्राकृतिक गैस को ईंधन के रूप में प्रयुक्त करने के लिए सफल प्रयोग किये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो देश में प्राकृतिक गैस को ईंधन के रूप में प्रयुक्त करने वाली ऐसी परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है, जिनकी स्थापना का विचार है, जिनकी स्थापना की जा रही है और जिनकी स्थापना की जा चुकी है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) (क) जी, हां ।

(ख) अब तक 109 परियोजनाएं स्थापित की गई हैं जो ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस का उपयोग करती हैं । भविष्य में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं की संख्या अनिश्चित है ।

Recognition to the Post-Graduate Medical Courses of Christian Medical College and Hospital Ludhiana

392. SHRI SYED SIBTEY RAZI; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state;

(a) whether Government have received requests fod the recognition of certain Medical Post-graduate courses *viz.* MD Radiodiagnosis, being conducted at Christian Medical College and Hospital, Ludhiana; and

(b) if so, what are the details thereof and Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (PROF. SHAKE-ELURREHMAN): (a) and (b) The Medical Council of India has reported that they have carried out the inspection of the standard of examination and facilities for teaching existing at Christian Medical College, Ludhiana for the purpose of recognition of MD (Radio diagnosis) qualification granted by the Punjab University. The Inspection report of the Councils Inspector for the purpose of recognition of the above qualification is to be placed before the Post-graduate Committee and Council for consideration as and when constituted after the freSb election for the President, Vice-President, Executive Committee and other Committees of the Medical Council of India is held sometime in March 1991 as per the judgement of Hon'ble High Court of Delhi dated 21-11-1990.